पत्रिका की खबर के बाद निगम आयुक्त का निर्णय

# कार्रवाई : कांग्रेस पदाधिकारी व नगर निगम कर्मचारी हितेश पेमाल बर्खास्त

## मुख्यमंत्री को काले झंडे दिखाने के कांग्रेस के आंदोलन में लिया था भाग

खबर का असर



पत्रिका

• प्रकाशित खबर।

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

पत्रिका इम्पैक्ट

रतलाम. शहर के वार्ड क्रमांक एक में नगर निगम के गैंग सफाई कर्मचारी व कांग्रेस के पदाधिकारी हितेश पेमाल को नगर निगम आयुक्त ने नौकरी से बर्खास्त कर दिया है। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने यह निर्णय पत्रिका की खबर के बाद लिया है, जिसमे बताया गया था की पेमाल ने निगम कर्मचारी रहते हुए मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान को काले झंडे दिखाने के कांग्रेस के आंदोलन में भाग लिया था। बता दे पेमाल की पत्नी वार्ड नंबर एक से पार्षद भी रही है। निगम आयुक्त एक सपताह में और भी कर्मचारियों पर गाज गिराने की तैयारी कर रहे है जो राजनीतिक दल के पदाधिकारी रहे व वार्ड में दारोगा बन गए।

वार्ड क्रमांक 1 के गैंग सफाई संरक्षक हितेश पैमाल को जारी कारण बताओ सूचना पत्र का उत्तर संतोषप्रदन नहीं पाये जाने पर निगम आयुक्त झारिया द्वारा हितेश पैमाल को सेवा से बर्खास्त किया। गैंग सफाई संरक्षक हितेश पैमाल द्वारा राजनैतिक धरना, प्रदर्शन में भाग लिये जाने का समाचार पत्रिका में प्रकाशित होने पर नगर निगम द्वारा हितेश पैमाल को जारी कारण बताओ सूचना-पत्र के संबंध में प्रस्तुत उत्तर संतोषप्रद नहीं पाये जाने पर निगम आयुक्त सेवा से बर्खास्त किया गया।

### और भी गिरेगी एक सप्ताह में गाज

निगम के अधिकारियों के मुताबिक कुछ वार्ड दारोगा कांग्रेस के पदाधिकारी है व अब भी आंदोलन में भाग लेते है। उन कर्मचारियों को भी नोटिस देने की तैयारी हो रही है। इस संबंध में भाजपा ने भी निगम के स्वास्थ्य विभाग के प्रति नाराजी जताई है कि आयुक्त को सही सूचना दिए बगैर राजनीतिक कार्यकर्ताओं को वार्ड में दारोगा बनवा दिया गया। इस मामले में उन दारोगाओं की सूची मंगवाई गई है जो विभिन्न दल में सक्रिय भूमिका निभाते हुए वार्ड में दारोगा बन गए है।

### सफाई कार्य में लापरवाही बर्दाश्त नहीं

शहर में स्वच्छता अभियान चल रहा है। इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जो लोग राजनीतिक आंदोलन में भाग लेंगे उनको सेवा से इसी तरह बर्खास्त कर दिया जाएगा।

**- सोमनाथ झारिया,** आयुक्त नगर निगम

पत्रिका

---

## गैंग सफाई संरक्षक हितेश पैमाल बर्खास्त

रतलाम। वार्ड एक के गैंग सफाई संरक्षक व हितेश पैमाल को निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया द्वारा सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है। पैमाल की पत्नी भावना पैमाल कांग्रेस में है और वार्ड एक से ही पिछली परिषद में पार्षद थी। हितेश पैमाल द्वारा राजनैतिक धरना, प्रदर्शन में भाग लेने की खबरें समाचार पत्रों में प्रकाशित होने पर निगम आयुक्त द्वारा पैमाल को कारण बताओ सूचना-पत्र जारी किया गया था। इस संबंध में प्रस्तुत उत्तर संतोषप्रद नहीं पाए जाने पर पैमाल को सेवा से बर्खास्त किया गया। पैमाल ने इसे राजनीतिक दबाव में की गई कार्रवाई करते हुए बताया कि वर्तमान में कोई नोटिस नहीं मिला। पूर्व में किसी आयोजन को लेकर अब कार्रवाई की गई है।

## 1004 को गोशाला भेजा

रतलाम। नगर निगम द्वारा सार्वजनिक स्थानों, सड़कों, चौराहों पर स्वच्छंद विचरण करने वाले मवेशियों को पकड़कर गोशालाओं में भेजा जा रहा है। इसके तहत अब तक 1004 मवेशियों को पकड़कर जिले की गोशालाओं में भेजा जा चुका है। प्रदेश

---

पत्रिका 30/6/21


## हितेष पैमाल बर्खास्त

रतलाम | सफाई संरक्षक हितेश पैमाल को मंगलवार को नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने सेवा से बर्खास्त कर दिया है। 23 नवंबर 2020 को 7 कच्चे मकानों को हटाने को लेकर कांग्रेस ने चक्काजाम किया था। इसमें पूर्व पार्षद भावना पैमाल के पति हितेष ने भी प्रदर्शन किया था।

---

## हरी भरी रहेगी निगम की पलसोड़ा वर्कशाप

रतलाम। नगर निगम की पलसोड़ा स्थित वर्कशाप परिसर को हरा-भरा करने के लिए निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने मंगलवार को वन मंडल अधिकारी एमएस डोडवे के साथ परिसर का निरीक्षण किया। यहां पौधारोपण के लिए तीन दिन में कार्ययोजना बनाने के निर्देश उद्यान विभाग को दिए। वन विभाग की गाइड लाइन व तकनीकी सुपरविजन में पौधारोपण किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान कार्यपालन यंत्री सुरेशचंद्र व्यास, जीके जायसवाल, डिप्टी रेंजर परमार, उपयंत्री मनीष तिवारी, ब्रजेश कुशवाह, उद्यान पर्यवेक्षक धर्मेंद्र दीगया आदि उपस्थित रहे।



# मई में पॉजिटिव आए सैंपलों की जीनोम स्टडी में डेल्टा वैरिएंट की पुष्टि हुई

भास्कर संवाददाता | रतलाम

मई महीने में पॉजिटिव आए सैंपलों को जीनोम स्टडी के लिए भेजा गया था। इनमें से 21 सैंपलों में डेल्टा वैरिएंट मिला है। हालांकि अब सभी लोग स्वस्थ हो चुके हैं।

जिन सैंपलों को जांच के लिए भेजा गया था, उनमें सीएमएचओ डॉ. प्रभाकर ननावरे का सैंपल भी शामिल था जिसमें डेल्टा की पुष्टि हुई है। सीएमएचओ ने 18 मई को जांच करवाई थी, जिसमें वे पॉजिटिव निकले थे। सीएमएचओ ने बताया जीनोम स्टडी से कोविड-19 की स्थिति के बारे में पता लगाया जाता है ताकि, आने वाले खतरे से लोगों की रक्षा की जा सके। इसके लिए जांच होती है। एक दिन में 20 से ज्यादा लोगों की रिपोर्ट पॉजिटिव नहीं है।

## 1 पॉजिटिव, अब कुल संक्रमित 14781

जिले में कोरोना संक्रमण के मामले अभी कम ही बने हुए हैं। मंगलवार को 1 व्यक्ति की रिपोर्ट पॉजिटिव मिली है। जिले में अब कुल संक्रमित 14781 हो गए हैं। मंगलवार को 22 साल के एक युवक की रिपोर्ट पॉजिटिव मिली है। हालांकि 21 मरीजों को डिस्चार्ज भी किया गया। जिले में कुल एक्टिव मरीजों की संख्या 61 हो चुकी है।

## लॉकडाउन की अफवाह झूठी

*डेल्टा वैरिएंट 80 देशों में पाया गया है। सभी को मालूम है कि इस बार का कोरोना पिछली बार से ज्यादा संक्रामक था। डेल्टा वैरिएंट इसकी पुष्टि करता है। कई लोग वायरल कर रहे हैं कि बाजार में लॉकडाउन लगाया जाएगा। रतलाम में विषम स्थिति बन रही है। यह पूरी तरह भ्रामक है। भ्रामक खबर फैलाना गलत है, इसमें एक्शन भी हो रहे हैं लेकिन अभी ऐसी परिस्थिति नहीं है कि लॉकडाउन लगाया जाए या अन्य सख्ती हो। हां, प्रोटोकॉल यानी मास्क, सामाजिक दूरी का पालन सभी को करना होगा।*

कुमार पुरुषोत्तम, कलेक्टर, रतलाम

भास्कर

दै. भास्कर 30/6/21

## कल शहर में 15000 टीके, इसमें से 5 हजार दूसरे डोज वालों के लिए

रतलाम | टीकाकरण महाअभियान में पहली जुलाई को शहर में 15000 हजार टीके लगाए जाएंगे। यह एक दिन का सर्वाधिक टीकाकरण होगा। इसमें भी 10 हजार पहले डोज के लिए, जबकि 5 हजार दूसरे डोज के लिए रहेंगी। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने बताया पहली जुलाई के लिए 35000 हजार वैक्सीन आ रही है। इसमें से 15 हजार रतलाम शहर, जबकि 20 हजार जिले के हैं। अप्रैल-मई में पहला टीका लगाने के बाद बहुत सारे लोगों का दूसरा डोज की तारीख आ गई है। वैक्सीन नहीं होने से दूसरे डोज वाले असमंजस में थे कि दूसरा डोज लगेगा या नहीं। ऐसे लोगों को दूसरा डोज लगाने के लिए गुरुवार को अलग से सेंटर बनाए जाएंगे। इन पर दूसरे डोज वाले 100 प्रतिशत लोगों को वैक्सीन लगाई जाएगी।

## टीकाकरण का सत्र कल से

रतलाम ● जिले में सोमवार को आयोजित कोविड वैक्सीनेशन सत्रों में कुल 3256 लोगों को कोविड के वैक्सीन लगाए गए। जिले में अब तक कुल 345167 कोविड के वैक्सीन लगाए जा चुके हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रभाकर ननावारे ने बताया कि राज्य कार्यालय से प्राप्त निर्देशानुसार अब कोविड वैक्सीनेशन सप्ताह में कुल दो बार किया जाएगा। कोविड वैक्सीनेशन का आगामी सत्र 1 जुलाई को किया जाएगा तथा इसके बाद 5 जुलाई को कोविड का वैक्सीनेशन किया जाएगा।

## कोविड संबंधी आगामी वैक्सीनेशन 1 जुलाई को किया जाएगा

रतलाम । रतलाम जिले में सोमवार को आयोजित कोविड वैक्सीनेशन सत्रों में कुल 3256 लोगों को कोविड के वैक्सीन लगाए गए। जिले में अब तक कुल 345167 कोविड के वैक्सीन लगाए जा चुके हैं । मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डा. प्रभाकर ननावारे ने बताया कि राज्य कार्यालय से प्राप्त निर्देशानुसार अब कोविड वैक्सीनेशन सप्ताह में कुल दो बार किया जाएगा।

# निगेटिव थे, अब डेल्टा रिपोर्ट आई, होम आइसोलेट किया

## सीएमएचओ सहित 21 लोग शामिल, इंटरनेट मीडिया पर भ्रामक खबर देने वालों पर कार्रवाई करने के निर्देश

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। जिले में कोरोना संक्रमण की चपेट में आ चुके लोगों के रैंडम सैंपल लेकर जिनोम सिक्वेंसिंग के लिए भेजे जाने की प्रक्रिया में 21 लोगों में डेल्टा वायरस के लक्षण मिले हैं। कोरोना संक्रमण शुरू होने से यह प्रक्रिया नियमित की जा रही है। मई माह में भेजे गए सैंपल की रिपोर्ट में डेल्टा वायरस के लक्षण वाले मरीजों की कोरोना की रिपोर्ट वर्तमान में निगेटिव आ चुकी है और उन्हें वैक्सीन भी लग चुकी है। इनमें जिला अस्पताल के सीएमएचओ डा. प्रभाकर ननावरे भी शामिल हैं। सीएमएचओ की 18 मई को कराई गई जांच में उनके पाजिटिव होने की पुष्टि हुई थी। सीएमएचओ ने बताया कि शासकीय नियमानुसार पाजिटिव सैंपलों में कुछ सैंपल जिनोम स्टडी के लिए भेजे जाते हैं ताकि वायरस की स्थिति का पता लगाकर आगामी खतरे से लोगों की स्वास्थ्य रक्षा की जा सके।

स्वास्थ्य विभाग के जानकारों का कहना है कि कोरोना का डेल्टा वायरस वातावरण में पहले से है और इससे घबराने की जरूरत नहीं है, लेकिन सतर्कता जरूरी है। तीसरी लहर आने की आशंका में कोरोना के डेल्टा प्लस वायरस को खतरनाक माना जा रहा है, जिसका जिले में अभी तक एक भी मरीज नहीं मिला है। कोविड नोडल अधिकारी डा. गौरव बोरीवाल ने बताया कि मेडिकल कालेज में भर्ती कुछ मरीजों में बार-बार बुखार आने व अन्य स्वास्थ्य समस्याओं के चलते रतलाम, नीमच और मंदसौर से 51 सैंपल जांच के लिए एनसीडीसी दिल्ली भेजे गए थे, जिसमें 21 की रिपोर्ट में डेल्टा वायरस पाया गया है।

### मई में संक्रमित हुए थे सीएमएचओ

डा. बोरीवाल ने लोगों से कहा कि घबराएं नहीं, लेकिन सावधानी रखें। डेल्टा प्लस जैसा कोई संक्रमण अभी तक नहीं है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डा. प्रभाकर ननावरे मई महीने में कोरोना संक्रमित हो गए थे। इसके बाद उनकी रिपोर्ट निगेटिव भी आ गई थी। कई शासकीय बैठकों में भी उन्होंने भाग लिया। पूरी तरह से स्वास्थ्य ठीक नहीं होने की वजह से सीएमएचओ का सैंपल भी जांच के लिए दिल्ली भेजा गया था। जिनमें डेल्टा वायरस की पुष्टि हुई है, उन्हें एहतियात के तौर पर 14 दिन तक होम आइसोलेट कर दिया गया है। उनके संपर्क में आए लोगों की जांच की जाएगी।

### लाकडाउन की अफवाह फैलाने वालों पर दर्ज होगा प्रकरण

सोमवार को डेल्टा मरीज व लाकडाउन को लेकर इंटरनेट मीडिया पर चली खबरों को लेकर भ्रम की स्थिति बन गई। जिले में लोगों में भय फैल गया। कुछ लोगों ने इसे डेल्टा प्लस का मामला मानते हुए रतलाम में फिर से लाकडाउन लगने व क्राइसिस कमेटी की बैठक की झूठी खबर वायरल कर दी। इस पर कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने स्थित साफ करते हुए कहा कि डेल्टा वैरिएंट विश्व के 80 देशों में है। दूसरी लहर में रतलाम में मरीज अधिक आने के चलते स्पष्ट था कि वायरस का फैलाव हुआ है। अभी ऐसी कोई परिस्थिति नहीं है कि फिर से लाकडाउन लगाया जाए। भ्रामक खबर फैलाने वालों पर धारा 188 में प्रकरण दर्ज करने के साथ ही सख्त कार्रवाई के लिए एसपी को निर्देशित किया है। जो भी व्यक्ति खबर चलाता है, उसे खबर का सोर्स बताना होगा अन्यथा उसके विरुद्ध कार्रवाई होगी।

### एक नया पाजिटिव मिला

जिले में मंगलवार को एक नया पाजिटिव केस सामने आया। 21 मरीजों को स्वस्थ होने पर डिस्चार्ज किया गया। अब एक्टिव मरीजों की संख्या 61 है। जिले में अब तक 17481 पाजिटिव केस सामने आ चुके हैं, वहीं 17109 मरीजों को स्वस्थ होने पर डिस्चार्ज किया जा चुका है। अब तक 311 की मौत हुई।

# जिले में जनवरी से अब तक डेंगू के तीस मामले



धौसवास में बालिका का परीक्षण करते चिकित्सक। • नईदुनिया

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। जिले में इस साल जनवरी से अब तक डेंगू के तीस नए मरीज मिले हैं। इनमें 27 मरीज दस दिन में सामने आए हैं। हालांकि इन सभी मरीजों को इनके गांव भी उपचार मिल गया तो किसी को अस्पताल में भर्ती नहीं होना पड़ा।

छह दिन में पल्दुना गांव में ही 22 मरीज मिले हैं। यहां मलेरिया विभाग की टीम ने एक-एक घर का सर्वे किया और शिविर लगाकर डेंगू के मरीजों को उपचार दिया जा रहा है। इसी तरह बांगरोद में चार और धौसवास में एक मरीज मिला है। यहां भी सर्वे के दौरान मरीज मिले हैं। इसके पहले तीन मरीज शहर में मिल चुके हैं, जिनका उपचार भी हो चुका है। गत वर्ष 42 मरीज मिले थे।

इस बार जिन घरों में मरीज मिले हैं, वहां पायरेथ्रम का स्प्रे एवं इंडोर फागिंग की गई है। पल्दूना में छिड़काव के साथ कंटेनर जांच करने एवं जलभराव को लेकर ग्रामीणों को जागरूक किया जा रहा है।

> कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम के निर्देश पर पल्दुना में शिविर लगाकर 500 घरों में सर्वे कर 3500 की आबादी के बीच 22 मरीजों की पहचान कर गांव में ही उपचार दिया गया है। अब सब स्वस्थ हैं। इसी अन्य क्षेत्रों में भी सर्वे तेज कर दिया गया है। – प्रमोद प्रजापति, जिला मलेरिया अधिकारी

नईदुनिया 30/6/21

# डेंगू : पीएंडटी कॉलोनी का युवक निकला पॉजिटिव, इस साल शहर में अब तक 4 केस, पल्दूना में राहत

भास्कर संवाददाता | रतलाम

बारिश के साथ ही डेंगू के मामले भी सामने आना शुरू हो चुके हैं। पल्दूना में डेंगू के 22 केस मिले थे वहीं अब रतलाम शहर में भी डेंगू का मामला सामने आया है। जिले में अब तक डेंगू के 31 मामले सामने आ चुके हैं। इधर मंगलवार को स्वास्थ्य विभाग की टीम ने पल्दूना के सभी मरीजों का फॉलोअप किया है। सभी की हालत ठीक है।

डेंगू का मच्छर साफ पानी में पनपता है। बारिश में इसके आसार ज्यादा होते हैं। मंगलवार को पीएंडटी कॉलोनी के 36 साल के युवक में डेंगू की पुष्टि हुई है। मलेरिया विभाग को जानकारी मिलने के बाद युवक से पूछताछ की गई। वहीं, अब आसपास के क्षेत्रों में दवा का छिड़काव किया जा रहा है। इससे पहले रतलाम शहर में 3 केस सामने आ चुके हैं। हालांकि, इस सीजन का यह पहला ही मामला है।

**पल्दूना में घर-घर गई टीम** : जिले के गांव पल्दूना में डेंगू ने आतंक मचाया है। इस गांव में 22 मामले सामने आए हैं जो किसी एक गांव में मिले अब तक के सबसे ज्यादा मामले हैं। मंगलवार को गांव पल्दूना में प्रतिवेदन बनाया गया। हालांकि इस गांव में एक भी नया केस नहीं मिला है। मंगलवार को स्वास्थ्य विभाग की टीम ने 40 घरों में सर्वे किया गया। 22 मरीज मिले थे, जो अभी स्वस्थ हो चुके हैं।

## बारिश में इसका रखें ध्यान

- डेंगू का मच्छर साफ पानी में पैदा होता है।
- छत एवं घर के आस-पास अनुपयोगी सामग्री में पानी न जमा होने दें।
- सप्ताह में एक बार अपने कूलर, बाल्टी, टब, टंकी आदि का पानी खाली कर इन्हें सुखा देंवे।
- पानी के बर्तनों, टंकी आदि को ढंककर रखें।
- घर के आस-पास के गड्ढों को मिट्टी से भर दें।
- पानी भरे रहने वाले स्थानों पर मिट्टी का तेल या इंजन से निकला जला हुआ तेल डाल देना चाहिए।
- सोते समय मच्छरदानी का उपयोग करना चाहिए।
- मच्छरों को भगाने के सभी प्रबंध करें।

## युवक अभी स्वस्थ है

*शहर में डेंगू का एक मामला सामने आया है। हालांकि, युवक स्वस्थ है। लोगों से अपील है कि बारिश में पानी जमा ना होने देंवे।*

**डॉ. प्रमोद प्रजापति**, मलेरिया अधिकारी, रतलाम

दै. भास्कर 30/6/21

## कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों की बैठक ली

# आम आदमी की भलाई राजस्व अधिकारी की सर्वोच्च प्राथमिकता

प्रसारण न्यूज़ • रतलाम



शासन ने हमें इसलिए नियुक्त किया है कि हम आम आदमी की भलाई के लिए काम करें तभी हमारा जीवन भी सार्थक होगा। राजस्व अधिकारी राज्य शासन के प्रमुख सचिव द्वारा जारी एजेंडे पर अमल करें। जिले में लोगों को सिस्टम के प्रति विश्वास हो कि उनका कार्य बगैर किसी सिफारिश के हो जाएगा। यह निर्देश कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम ने मंगलवार को सम्पन्न राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक में दिए। इस दौरान अपर कलेक्टर श्रीमती जमुना भिडे, सभी एसडीएम, तहसीलदार तथा नायब तहसीलदार उपस्थित थे।

कलेक्टर ने निर्देश दिए कि एसडीएम तथा तहसीलदार उचित मूल्य दुकानों का प्रत्येक माह रेण्डम निरीक्षण करें, गड़बड़ी करने वाले दुकानदार को पकड़ें। राष्ट्रीय सुरक्षा कानून की तरह आवश्यक वस्तु अधिनियम में भी यह प्रावधान है कि राशन में कालाबाजारी करने वाले व्यक्ति को कलेक्टर द्वारा 6 माह के लिए सीधे जेल में भेजा जा सकता है। जिले के हरेक पात्र व्यक्ति को राशन मिले। आपूर्ति अधिकारी सुनिश्चित करें कि राजस्व अधिकारी से उचित मूल्य दुकान सम्बन्धी जो भी अनियमितता की जानकारी मिलती है तो तत्काल कार्यवाही की जाए। उचित मूल्य दुकान के खुलने का समय तथा दिवस दुकान के बाहर अंकित किए जाएं। खाद्यान्न लेने में हितग्राही को दी जाने वाली पर्ची यदि उपलब्ध नहीं कराई जाती है तो दुकानदार पर 5 हजार रुपए का जुर्माना लगाया जाए।

बैठक में उपस्थित जिला खाद्य अधिकारी ने बताया कि जिले में लगभग 67 प्रतिशत आबादी को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत राशन उपलब्ध कराया जा रहा है। कलेक्टर ने सभी एसडीएम को निर्देश दिए कि वे माह में एक दिन ऐसा नियत करें कि उस दिन फिल्ड में जाएं तो दूसरे विभागों के अधिकारियों को भी साथ लेकर जाएं ताकि समन्वित रुप से ग्रामीणजनों की समस्याओं का हल हो सके। राजस्व अधिकारी अपने निरीक्षण की व्यवस्था को सुचारू रुप से संचालित करें। खनिज विभाग की समीक्षा में कलेक्टर ने निर्देश दिए कि हरेक खदान में पर्यावरण स्वीकृति ली गई हो यदि स्वीकृति नहीं ली है तो खदान बन्द करवाएं।

कलेक्टर ने निर्देश दिए कि आगामी राजस्व समीक्षा बैठक में प्रत्येक तहसीलदार अपने क्षेत्र में किए गए उत्कृष्ट कार्यों का प्रजेंटेशन देगा। सभी तहसीलदार अपने कार्यालयों का परिदृश्य ऐसा रखें कि नकारात्मक छवि नहीं बने, कार्यालय भी सुन्दर स्वरुप में हो।

सैलाना तहसील कार्यालय के परिदृश्य में सुधार के निर्देश तहसीलदार को दिए गए। जिले के शासन अधिकृत मंदिरों की भूमि का उपयोग और जीर्णोद्धार कार्य के सम्बन्ध में भी निर्देश दिए गए। टीकाकरण, निर्माण कार्यों की गुणवत्ता, बकाया वसूली, दखलरहित भूमि पर काबिज व्यक्तियों, स्वामित्व योजना, रेवेन्यू अकाउंटिंग सिस्टम के सम्बन्ध में भी निर्देशित किया गया। कान्ट्रेक्ट ट्रेसिंग में कोई भी कोताही नहीं बरतने के निर्देश कलेक्टर ने दिए।

प्रसारण

प्रसारण 30/6/21

**अमृत मिशन में लापरवाही** • 11 करोड़ में से लगभग 4 करोड़ से ज्यादा का हो चुका भुगतान फिर भी अधूरा

# दो साल में 4000 में से 1900 मीटर के नाले पक्के बनाए, समय सीमा बढ़ाने की जुगाड़ में

## पिछले साल लग चुकी 7 लाख की पेनल्टी फिर भी मार्च से बंद पड़ा है काम

भास्कर संवाददाता | रतलाम

सरकार की प्राथमिकता वाले अमृत मिशन में बरसाती नालों को पक्का बनाए जाने की योजना खटाई में पड़ती नजर आ रही है। 4000 मीटर के दो नालों में से सिर्फ 1900 मीटर ही पक्के बन पाए हैं। वह भी एक साथ नहीं बने हैं। आसान जगह पर नाले पक्के बना दिए, मुश्किल जगह छोड़ दी। इन अधूरे नालों ने आसपास के रहवासियों की मुसीबत को और बढ़ा दिया है।

गुजराती ठेकेदार की इतनी मनमानी है कि मार्च से काम पूरी तरह बंद पड़ा है जबकि लॉकडाउन में सरकारी निर्माण कार्य को छूट थी। इतनी लापरवाही से धीमा करने पर भी ठेकेदार को 11 करोड़ में से 4 करोड़ से ज्यादा का भुगतान हो चुका। सरकारी मॉनिटरिंग एजेंसी वेप्कोस भी ठेकेदार पर सख्त कार्रवाई करने के बजाए सिर्फ एक बार 7 लाख रुपए की पेनल्टी लगाकर बैठ गई है।

## आबकारी से मराठों का वास तक का नाला प्रोजेक्ट से बाहर

नालों का पक्का बनाने का काम ठेकेदार ने मार्च 2019 में शुरू किया था। मार्च 2021 में दोबारा सर्वे करने के बाद 64 लाख में पक्के किए जाने वाले आबकारी चौराहा से मराठों का वास तक के नाले को प्रोजेक्ट से बाहर कर दिया गया है। इसकी वजह यह बताई जा रही है कि नाला कई जगह से पक्का बना हुआ है। 6 से 7 लाख रुपए खर्च कर इसे ठीक किया जा सकता है। अब दो नाले ही पक्के बनेंगे। 2016 में 26 बरसाती नालों को 23.66 करोड़ से पक्का बनाने की योजना बनी थी। टेक्निकल कमेटी ने सिर्फ तीन नालों के लिए 11 करोड़ मंजूर किए थे।

भास्कर

## तीन में से एक बरसाती नाला प्रोजेक्ट से बाहर, बाकी दो का काम भी अधूरा

### 1. गोमदड़े की पुलिया से ऊंकाला रोड स्थित गणेश मंदिर तक



ऊंकाला रोड तक पक्का बनाकर काजीपुरा तरफ जाने वाले नाले को कच्चा ही छोड़ दिया है।

- **लंबाई** - 2600 मीटर
- **अब तक बना** - लगभग 1700 मीटर
- **बनना बाकी** - 900 मीटर
- **कहां-कहां अधूरा** - काजीपुरा, शेरानीपुरा, हरमाला रोड, शास्त्रीनगर, हाथीखाना।

*काजीपुरा, शेरानीपुरा सहित कई जगह से नाले को पक्का ही नहीं बनाया। बहाव असमान होने से बारिश में गंदा पानी पानी कच्चे नाले वाले इलाकों में भरा जाता है।*
**यास्मीन शेरानी,** पूर्व नेता प्रतिपक्ष

### 2. सुभाष नगर-बोहरा बाखल-अमृतसागर तालाब



बोहरा बाखल में कुछ हिस्सा पक्का बनाने के बाद अमृत सागर तक जा रहा कच्चा ही पड़ा है।

- **लंबाई** - 1400 मीटर
- **अब तक बना** - 200 मीटर
- **बनना बाकी** - 1200 मीटर
- **कहां-कहां अधूरा**- लक्कड़ पीठा, बोहरा बाखल, ईदगाह रोड।

*बोहरा बाखल में कई जगह से छोड़कर आगे का बना दिया। अमृत सागर वाले मुहाने पर एक तरफ की दीवार पूरी बना दी। एक नहीं बनाई। नाला कई जगह से जाम हो रहा है।*
**सलीम आरिफ,** बोहरा समाज प्रवक्ता

*बहुत धीमा चल रहा है। ठेकेदार पर 7 लाख की पेनल्टी लगाई थी। कई जगह दलदलीय स्थिति होने से काम नहीं हो पा रहा। बारिश फिर होने लगी है। हालांकि ठेकेदार को काम शुरू करने के लिए कहा है। नहीं किया तो कार्रवाई करेंगे।* **संदीप बाथम,** रेसीडेंट इंजीनियर, वेप्कोस कंपनी

दै. भास्कर 30/6/21

# कोरोना अनुकूल व्यवहार का पालन करने वाली दुकानों और संस्थाओं को सम्मानित किया जाएगा - मुख्यमंत्री श्री चौहान

## भीड़ भरे क्षेत्रों में निगरानी के लिए टॉवर लगाए जाएं

**स्वतंत्र एलान संवाददाता–रतलाम**

रतलाम। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि मध्यप्रदेश में कोरोना अनुकूल व्यवहार को सुनिश्चित करने के लिए शहरी क्षेत्रों में %सम्मान योजना% तथा %रोको-टोको% अभियान चलाए जाएंगे, ताकि लोगों को कोविड से बचने के लिए जरूरी सावधानियों के पालन के लिए और अधिक प्रेरित किया जा सके। यह निर्णय मुख्यमंत्री श्री चौहान द्वारा कोविड नियंत्रण तथा रोकथाम के लिए गठित मंत्री समूहों की बैठक में लिया गया। मुख्यमंत्री श्री चौहान आज मंत्रालय में कोरोना अनुकूल व्यवहार के लिए गठित मंत्री समूह को संबोधित कर रहे थे। नगरीय विकास और आवास मंत्री श्री भूपेंद्र सिंह ने कोरोना के विरूद्ध अपने समूह की ओर से अनुशंसाएँ प्रस्तुत की। बैठक में वित्त, वाणिज्यिक कर मंत्री श्री जगदीश देवड़ा, जल संसाधन मंत्री श्री तुलसी सिलावट भी उपस्थित थे। **सावधानियों का पालन जरूरी**–बैठक में तय किया गया कि शहरी इलाकों में दुकानों में सोशल डिस्टेंसिंग सहित कोरोना से बचने के सभी उपायों पर विशेष ध्यान दिया जाए। जो दुकानदार इस दिशा में अच्छा काम करेंगे, उन्हें नगरीय विकास और आवास विभाग की तरफ से सम्मानित किया जाएगा। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि कोरोना अनुकूल व्यवहार का पालन करने वाली दुकानों और संस्थाओं को नगरीय निकाय प्रमाण-पत्र जारी कर सम्मानित करें। साथ ही राज्य में %रोको-टोको% अभियान भी चलाया जाएगा। इसमें राज्य सरकार आम जनता को कोरोना के लिए जरूरी सभी सावधानियों के पालन के लिए जागरूक करेगी। बड़े मेलों और धार्मिक कार्यक्रमों के आयोजनकर्ताओं की यह जिम्मेदारी रहेगी कि वे कोरोना अनुकूल व्यवहार का पालन सुनिश्चित कराएं। मंत्री समूह द्वारा अनुशंसा की गई कि अधिक भीड़ वाले बाजारों और अन्य स्थानों पर निगरानी टॉवर स्थापित किए जाएं और बिना मास्क लगाए व्यक्तियों और भीड़ लगाने वालों पर जुर्माने की कार्यवाही की जाए। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि कोरोना संक्रमण के प्रति सजगता के लिए प्रदेश में प्रतिदिन एक लाख तक टेस्ट सुनिश्चित किए जाएं। **रेस्टोरेंट पर विशेष चौकसी बरतने की आवश्यकता**–मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि कोरोना संक्रमण का खतरा अभी गया नहीं है। जन-सामान्य का पार्क, बाजारों, रेस्टोरेंट में आवागमन लगातार बढ़ रहा है। रेस्टोरेंट पर विशेष चौकसी बरतने की आवश्यकता है। पुलिस तथा नगरीय निकायों का अमला यह सुनिश्चित करें कि प्रावधान के अनुसार 50 प्रतिशत क्षमता के आधार पर ही रेस्टोरेंट और होटलों का संचालन हो। इससे अधिक लोग एक समय में होटलों और रेस्टोरेंट में मौजूद न रहें।

स्वतंत्र एलान 30/6/21



# 4 लेन : पहले नाले व ड्रेनेज के पाईप डलेंगे फिर होगा सड़क निर्माण

रतलाम। दो बत्ती से महाराजा सज्जन सिंह प्रतिमा चौराहे तक चल रहे 4 लेन सड़क निर्माण कार्य व धोलावाड़ न्यू इन्टकवेल का निगम

### ▶ 4 लेन निर्माण व धोलावाड़ न्यू इन्टकवेल का निगमायुक्त ने किया निरीक्षण

आयुक्त सोमनाथ झारिया ने कार्यपालन यंत्री सुरेशचन्द्र व्यास, सत्यप्रकाश आचार्य, उपयंत्री मनीष तिवार के साथ कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

निगम आयुक्त श्री झारिया ने दो बत्ती 4 लेन सड़क निर्माण कार्य के निरीक्षण के दौरान ठेकेदार को और 2 लेन सड़क निर्माण कार्य के पूर्व नाले व ड्रेनेज पाईप डालने का कार्य शीघ्रता से किया जाये ताकि सड़क निर्माण शीघ्र होकर नागरिकों को आवागमन में सुविधा हो सकें उन्होंने निर्देशित किया कि कार्य के गुणवत्तापूर्ण हो इसका विशेष ध्यान रखें इसके अलावा सड़क का ढलान व्यवस्थित दिया जाये ताकि सड़क पर पानी नहीं रुके। इसके पश्चात निगम आयुक्त श्री झारिया ने धोलावाड़ न्यू इन्टकवेल का निरीक्षण कर निर्देशित किया मुख्य मार्ग से इन्टकवेल तक बनाई गई सीमेन्ट कांक्रीट सड़क के दोनों ओर 2-2 लाईन में फलदार पौधे रोपे जायें। इस अवसर पर निगम आयुक्त



# स्वास्थ्य विभाग कोविड के साथ ही डेंगू, मलेरिया जैसी बीमारियों पर भी ध्यान देवें

**स्वतंत्र एलान संवाददाता-- रतलाम**

रतलाम। समय सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक सोमवार शाम संपन्न हुई। कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम ने स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिए कि कोरोना के अलावा स्वास्थ्य विभाग अन्य बीमारियों पर भी ध्यान देवें। वर्तमान मौसम में डेंगू, मलेरिया जैसी बीमारी पनप सकती हैं। स्वास्थ्य विभाग का मैदानी अमला एवं राजस्व विभाग का अमला ग्रामीण क्षेत्रों में नजर रखें। कलेक्टर ने इस बात पर नाराजगी व्यक्त की कि जिले के दो गांव में डेंगू के मरीज सामने आने की सूचना स्वास्थ्य विभाग या राजस्व के मैदानी अमले से प्राप्त नहीं हुई। कलेक्टर ने यह भी निर्देश दिए कि सभी खंड चिकित्सा अधिकारी अपने मैदानी अमले से रिपोर्ट प्राप्त करें कि कहीं किसी गांव में मलेरिया या डेंगू जैसी कोई बीमारी तो नहीं फैली हुई है। बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्रीमती मीनाक्षीसिंह, अपर कलेक्टर श्रीमती जमुना भिड़े तथा अन्य अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देश दिए कि कांटेक्ट ट्रेसिंग पर ध्यान देवें। कोरोना के मरीज से जिन लोगों का संपर्क हुआ है उनकी व्यापक स्तर पर ट्रेसिंग की जाए। जिन लोगों को होम आइसोलेट किया जाता है वो अपने घर में ही रहे, इधर-उधर नहीं घूमे, इसका ध्यान रखें।

**प्लान बनाकर प्रस्तुत करें टाइम पास नहीं करें**-कलेक्टर ने विगत बैठक में जिले में व्यापक स्तर पर वृक्षारोपण कार्य के लिए अलग-अलग विभागों को कार्य योजना बनाकर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए थे। वर्तमान बैठक में समीक्षा के दौरान कलेक्टर द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी के प्रति सख्त नाराजगी व्यक्त की गई। कलेक्टर ने कहा कि टाइम पास नहीं किया जाए, कार्य को गंभीरता से लिया जाए। जिला शिक्षा अधिकारी अपने विभाग के अंतर्गत किए जाने वाले प्लांटेशन के संबंध में विशुद्ध कार्ययोजना प्रस्तुत करें। इसके साथ ही जावरा जावरा सीएमओ द्वारा कोई विस्तृत कार्य योजना भी नहीं बताई गई। कलेक्टर ने कहा कि जावरा में 5000 पौधे लगाए जाकर उनकी उचित देखभाल का इंतजाम किया जाए। राजस्व विभाग को 1000 पौधे लगाने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा स्वास्थ्य विभाग अपने परिसरों में 500 पौधे लगाएगा। शिक्षा विभाग 8000 पौधे लगाएगा, अन्य विभागों के भी लक्ष्य तय किए गए।

कलेक्टर ने जिला चिकित्सालय में रेडक्रास द्वारा संचालित अल्ट्रासोनिक मशीन के संबंध में जानकारी लेते हुए कहा कि एक साल से मशीन खराब है, ऐसी रिपोर्ट प्राप्त हुई है। डिप्टी कलेक्टर शिराली जैन को निर्देशित किया गया कि मशीन को सुधरवाकर चालु किया जाए। उद्यानिकी विभाग के अंतर्गत जिले के 7 किसानों को शासन की योजना में बैंक ऋण स्वीकृत कराने के संबंध में जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक को निर्देशित किया गया। इसका अलावा विद्युत वितरण कंपनी के अधीक्षण यंत्री को निर्देशित किया गया कि विद्युत वितरण कंपनी द्वारा लाइट बंद हो जाने के दौरान रिस्पांस टाइम को सुधारा जाए। मुख्यमंत्री हेल्पलाइन की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर ने राजस्व विभाग को निर्देशित किया कि प्रकरणों में निराकरण की स्थिति को सुधारा जाए। कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि इस

स्वतंत्र एलान 30/6/21

# खुले में गंदगी करने व कचरा पात्र नहीं रखने पर 7, बगैर मास्क के 73 पर जुर्माना

रतलाम । कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशानुसार नगर में ऐसे दुकानदार व नागरिक जो कि खुले में कचरा डालकर शहर को गंदा करते हैं उन पर लगाम लगाने हेतु स्पॉट फाईन दल द्वारा संबंधितों पर स्पॉट फाईन की कार्यवाही की जा रही है जिसके तहत 28 जून को 7 व्यक्तियों पर जुर्माना किया गया स्पॉट फाईन दल द्वारा खुले में गंदगी करने पर विपुल अमृत सागर तालाब पर 1000, राजेश मालवीय अमृत सागर तालाब पर 200, दिनेश गौर, प्रेम सिंह, मंसूर, सत्यनारायण त्रिपोलिया गेट व आशीष चांदनी चौक पर 100-100 रूपये का स्पॉट फाईन कर भविष्य में गंदगी ना करने की समझाईश दी। इसके अलावा शहर के विभिन्न क्षेत्रों में 73 ऐसे व्यक्ति जो बगैर मास्क के पाये गये उन पर 100-100 रूपये का जुर्माना कर मास्क अनिवार्य रूप से लगाये जाने की समझाईश स्पॉट फाईन दल द्वारा दी गई। नगर निगम द्वारा नागरिकों से भी अपील की जाती है कि शहर को गंदा करने वाले नागरिकों, दुकानदारों आदि पर फ़ाइन किया।

# खुले में गंदगी करने और कचरा पात्र नहीं रखने पर 26 लोगों पर जुर्माना

रतलाम। खुले में गंदगी करने व कचरा पात्र नहीं रखने पर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार स्पाट फाइन दल द्वारा मंगलवार को विभिन्न क्षेत्रों में 26 दुकानदार व नागरिकों पर जुर्माना किया गया। औद्योगिक क्षेत्र में विपिन पितलिया द्वारा अमानक प्लास्टिक का भंडारण करने पर 5000, अमृत सागर क्षेत्र में गंदगी करने पर राकेश-रमेश पर 1000, राजेश सोनी व कैलाश टांक पर 5000, शांतिलाल व लियाकत अली पर 250-250 रुपये का स्पाट फाइन कर भविष्य में गंदगी नहीं करने की समझाइश दी गई।

# खुले में गंदगी करने व कचरा पात्र नहीं रखने पर 7 व्यक्तियों पर जुर्माना

रतलाम। कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम कुमार पुरूषोत्तम के निर्देशानुसार नगर में ऐसे दुकानदार व नागरिक जो कि खुले में कचरा डालकर शहर को गंदा करते हैं, उन पर लगाम लगाने हेतु स्पॉट फाईन दल द्वारा संबधितों पर स्पॉट फाईन की कार्यवाही की जा रही है, जिसके तहत 28 जून को 7 व्यक्तियों पर जुर्माना किया गया।

निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार स्पॉट फाईन दल द्वारा खुले में गंदगी करने पर विपुल अमृत सागर तालाब पर 1000, राजेश मालवीय अमृत सागर तालाब पर 200, दिनेश गौर, प्रेम सिंह, मंसूर, सत्यनारायण त्रिपोलिया गेट व आशीष चांदनी चौक पर 100-100 रूपए का स्पॉट फाईन कर भविष्य में गंदगी ना करने की समझाईश दी। इसके अलावा शहर के विभिन्न क्षेत्रों में 73 ऐसे व्यक्ति जो बगैर मास्क के पाए गए, उन पर 100-100 रूपये का जुर्माना कर मास्क अनिवार्य रूप से लगाये जाने की समझाईश स्पॉट फाईन दल द्वारा दी गई। नगर निगम द्वारा नागरिकों से भी अपील की जाती है कि शहर को गंदा करने वाले नागरिकों, दुकानदारों आदि की जानकारी स्पॉट फाईन दल के मनोज टांक मो.नं. 7000848456, पवन झांझोट मो.नं. 7000128812, आकाश शिन्दे मो.नं. 9424075393, 7724981736 मनोज झांझोट मो.नं. 6268449110, राकेश ललावत मो.नं. 7000128812 को देकर नगर को साफ-स्वच्छ बनाने में सहयोग प्रदान करें।

# अब तक निगम दल ने 998 मवेशियों को पकड़कर गौशालाओं भेजा

रतलाम । कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम कुमार पुरूषोत्तम व निगमायुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार स्वास्थ्य अमले द्वारा अभियान चलाया जा रहा है जिसके तहत 28 जून तक शहर के विभिन्न क्षेत्रों से 998 मवेशियों को पकड़ा जाकर जिले की विभिन्न गौशालाओं में भेजा गया। अभियान के तहत 28 जून को घास बाजार, चौमुखी पुल, तोपखाना आदि क्षेत्रों से 5 मवेशी निगम के स्वास्थ्य विभाग अमले द्वारा पकड़ा गया। शहर के सार्वजनिक स्थानों, सड़को चौराहो को मवेशी मुक्त बनाये जाने हेतु नगर निगम द्वारा शहर के मवेशी पालकों के बाड़े एवं तबेलो को अभियान चलाकर तोड़ा जायेगा इस हेतु निगम द्वारा नगर के सभी मवेशी पालकों को नोटिस जारी किया गया है। शहरी क्षेत्र में मवेशियों का पालन करना नियम विपरित है, ऐसे मवेशी पालक जो कि शहरी क्षेत्र में अनुमति के विपरित तबेले एवं बाड़ो का निर्माण कर मवेशियों का पालन किया जा रहा है वे स्वंय अपने तबेले एवं बाड़े नहीं तोड़ते है तो निगम द्वारा उन्हे तोड़ा जाकर राशि वसूल की जायेगी। नगर निगम एक्ट की धारा 358 के तहत कोई भी व्यक्ति जो कि अपना घोड़ा या अन्य किसी भी पशु को अपनी इच्छा से खुला छोड़ेगा व उससे किसी व्यक्ति या संपत्ति को नुकसान पंहुचता है तो पालक पर 500 रूपये का अर्थदण्ड किये जाने का प्रावधान हैं।

# अनुपस्थित पर नोटिस जारी

रतलाम। वार्ड क्रमांक 34 के कचरा संग्रहण हाथ ठेला सफाई संरक्षक अभिषेक-विनोद द्वारा आये दिन बिना सूचना के अपने कर्तव्य स्थल से अनुपस्थित रहने व 26 जून को बिना सूचना के अनुपस्थित रहे। निगमायुक्त के निर्देशानुसार संबंधित का एक दिवस का वेतन काटा जाकर सेवा से बर्खास्त किये जाने का सूचना पत्र जारी किया गया।

**78 टन कचरा जुलवानिया पहुंचा:** नगर निगम के कचरा संग्रहण वाहनों के माध्यम से घर-घर से पृथक-पृथक एकत्रित किया जा रहे गीले-सूखे कचरे व सड़को व नाले-नालियों की सफाई के दौरान निकलने वाले कचरे का प्रतिदिन जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउण्ड पर पहुंचाया जा रहा हैं। सोमवार को डम्पर व ट्रेक्टर ट्रॉली से 47025, काम्पेक्टर सूखा कचरा 18145, काम्पेक्टर गीला कचरा 11005 व कन्टेटमेंट मैजिक से 2430 किलो इस तरह कुल 78605 किलो कचरा जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउण्ड पहुंचाया गया।


# अभिषेक-विनोद को सेवा से बर्खास्त किए जाने का सूचना पत्र जारी

रतलाम। वार्ड क्रमांक 34 के कचरा संग्रहण हाथ ठेला सफाई संरक्षक अभिषेक-विनोद द्वारा आये दिन बिना सूचना के अपने कर्तव्य स्थल से अनुपस्थित रहने व 26 जून को बिना सूचना के अनुपस्थित रहने पर निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार संबंधित का एक दिवस का वेतन काटा जाकर सेवा से बर्खास्त किये जाने का सूचना पत्र जारी किया गया।

**मई माह में वायरस की जांच के लिए सैंपल जुटाए थे, इनकी जांच में वायरस का खुलासा**

# रतलाम में 20 डेल्टा वैरिएंट की पुष्टि के बाद अब 'एंटीडेल्टा रोड मैप'

लगातार



पत्रिका
प्रकाशित खबर।

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**रतलाम.** प्रदेश के कुछ जिलों में पैर पसार रहे डेल्टा वैरिएंट का मालवा के शहरों में भी प्रसार हो रहा है। बीते दिन रतलाम को दिल्ली से मिली 50 सैंपलों की रिपोर्ट में करीब 20 सैंपल पॉजिटिव पाए थे। इसके बाद से ही रतलाम सहित मंदसौर और नीमच जिलों में हड़कंप की स्थिति में है, हालांकि जानकारों का मानना है कि डेल्टा वैरिएंट है और इसका खतरा तो है, लेकिन सतर्कता व वैक्सीनेशन के चलते जोखिम नहीं है। उधर, रिपोर्ट सामने आने के बाद रतलाम कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम का कहना है कि जिस तरह कोरोना की दूसरी लहर का प्रभाव था, उससे रतलाम में डेल्टा वैरिएंट की आशंका थी, डरने की नहीं सतर्कता की आवश्यकता है। उधर, डेल्टा वैरिएंट के लक्षण वाले सीएमएचओ डॉ. प्रभाकर ननावरे लगातार कई बैठकों में शामिल हो रहे हैं, इसे लेकर भी चिंता साफ देखी जा रही है।

रतलाम के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सहित करीब 20 लोगों की रिपोर्ट डेल्टा पॉजिटिव आई है। स्वास्थ्य विभाग के मुखिया के डेल्टा संक्रमित पाए जाने के बाद से ही महकमा अलर्ट है। रतलाम से जांच के लिए 50 सैंपल दिल्ली भेजे गए थे जिनमें से 20 से अधिक की रिपोर्ट पॉजिटिव है। सीएमएचओ की रिपोर्ट पूर्व में मई माह में कोरोना पॉजिटिव आने के बाद ली थी व उनके सैंपल को प्रिजर्व कर रख लिया था, जो सैंपल जांच के लिए गया था, यह सैंपल मई माह का होना बताया जा रहा है, जिसे जांच के लिए लैब भेजा गया था, इसकी रिपोर्ट पॉजिटिव आ गई। स्वास्थ्य अधिकारियों का कहना है कि यह रिपोर्ट जब आई तब तक कई मरीज स्वस्थ भी हो चुके हैं तो कुछ में अब भी बीमारी के लक्षण मौजूद हैं। डॉ प्रभाकर ननावरे की रिपोर्ट पॉजिटिव आने के बाद भी सोमवार को बैठक में मौजूद रहे। सीएमएचओ की भी पहले के सैंपल की रिपोर्ट आई है, यह अभी की नहीं है लेकिन उनको बुखार अब भी बना हुआ है। अन्य पॉजिटिव में से अधिकांश का वैक्सीनेशन हो गया है, ऐसे में अब खतरा नहीं है।

## कलेक्टर बोले, डरने की नहीं सतर्कता रखने की आवश्यकता

**दूसरी लहर के पीक के दौरान सक्रिय हुआ वायरस-** रतलाम जिले में कोरोना की दूसरी लहर घातक थी, इस दौरान ही डेल्टा वैरिएंट का वायरस सक्रिय था और कोरोना पॉजिटिव आए कई लोगों में इस वायरस का प्रभाव रहा। सैंपलों की जांच दिल्ली में कराई। जांच रिपोर्ट में डेल्टा वैरिएंट होना पाया है, हालांकि कई मरीज अब ठीक हो चुके हैं।



### वैक्सीनेशन के चलते नहीं है ज्यादा जोखिम

स्वास्थ्य अधिकारियों का कहना है कि प्रशासन के साथ ही स्वास्थ्य विभाग लगातार लोगों को वैक्सीन लगवाने के लिए प्रेरित कर रहा है। इसके अतिरिक्त हाल ही में इसके लिए महाअभियान भी चलाया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों का टीकाकरण किया गया। टीकाकरण ही एक ऐसा कारण है, जिसकी वजह से सभी लोग पूरी तरह से सुरक्षित हैं।

### सोशल मीडिया पर अफवाह, नहीं लगेगा लॉकडाउन

कलेक्टर ने बताया कि सोशल मीडिया पर, रतलाम जिले में लॉकडाउन तथा जिला क्राइसिस मैनेजमेंट ग्रुप की बैठक के संबंध में गलत सूचना चलाई जा रही है। पुलिस अधीक्षक को निर्देशित किया गया है कि गलत सूचना चलाने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की जाए, जो भी व्यक्ति सूचना प्रसारित करता है, उसे सोर्स बताना होगा अन्यथा उसके विरुद्ध कार्रवाई होगी हैं।

**फिलहाल प्लस वैरिएंट का खतरा कम, रिपोर्ट में पुष्टि नहीं-** कोरोना की जो दूसरी लहर थी उसमें जो सैंपल को दिल्ली भेजा था कि रतलाम में जो केस बढ़े थे उसके पीछे कारण कहीं डेल्टा तो नहीं है। 50 सैंपल जांच के लिए भेजे थे जिसमें डेल्टा वैरिएंट की पुष्टि हुई है। सैंपल मई महीने में लिए गए थे, उस समय कोरोनावायरस की पुष्टि थी लेकिन मरीजों में डेल्टा था या नहीं उसका पता लगाने के लिए रेंडम तरीके से कुछ सैंपल को जांच के लिए दिल्ली भेजा, जिसमें रतलाम में डेल्टा वैरिएंट की पुष्टि हुई है और उनमें सीएमएचओ भी शामिल है। हालांकि रतलाम में डेल्टा प्लस या प्लस प्लस वैरिएंट का खतरा कम है व इनकी पुष्टि नहीं हुई है।

**उधर, मंदसौर में डेल्टा सैंपल रिपोर्ट नेगेटिव-** उज्जैन में कोरोना के डेल्टा प्लस और रतलाम से डेल्टा वैरियंट के सामने आने के मंदसौर जिले के लिए राहत की खबर है। जिले से भेजे सैंपलों में वैरियंट की पुष्टि नहीं हुई है। जिला पंचायत सीईओ ऋषव गुप्ता ने बताया 45 सैंपल को मार्क किया था, 35 की रिपोर्ट आ चुकी है। जिसमें दोनों वैरियंट नहीं आया है। जिले के अलग-अलग जगह के सैंपल पर मार्क किया गया था।

## सीएमएचओ भी आए पॉजिटिव, लेकिन बैठकों में ले रहे भाग

सोशल मीडिया पर कुछ भ्रामक सूचनाएं देखी हैं कि डेल्टा वैरिएंट के कारण लॉकडाउन लग रहा है। यह पूरी तरह से भ्रामक है। एसपी को दोषियों पर कार्रवाई के लिए कहा है, मैं स्पष्ट करना चाहता हूं कि डेल्टा वैरिएंट 80 देशों में पाया गया था। मैं आश्वस्त करना चाहता हूं कि कोई विषम परिस्थिति नहीं है जिसके कारण फिर लॉकडाउन लगाया जाए या अन्य कोई सख्त कदम उठाए जाए।
**- कुमार पुरुषोत्तम,** कलेक्टर रतलाम

जांच 18 मई को कराई गई थी, जिसमें पॉजिटिव होना पाया गया था। पॉजिटिव आने वाले सैंपल में से कुछ सैंपल जीनोम स्टडी के लिए भेजे जाते हैं। पूर्व के मई माह में भेजे गए सैंपल में से कुछ सैंपल की जीनोम स्टडी करवाई गई है। जिले में 28 जून को तीन मरीजों की रिपोर्ट पॉजिटिव आई है, एक ही दिन में 20 से अधिक व्यक्ति की रिपोर्ट पॉजिटिव नहीं है, यह अलग अलग दिन की है।
**डॉ प्रभाकर ननावरे,** सीएमएचओ

पत्रिका 30/6/21

# देश को मिलेगी चौथी वैक्सीन

## DCGI ने सिप्ला को मॉडर्ना की वैक्सीन के आयात की मंजूरी दी, सरकार जल्द कर सकती है फैसले का ऐलान

नई दिल्ली। अमेरिकी फार्मा कंपनी मॉर्डना ने अपनी कोरोना वैक्सीन के भारत में इमरजेंसी यूज की मंजूरी के लिए आवेदन किया है। अमेरिकी फार्मा कंपनी मॉर्डना ने अपनी कोरोना वैक्सीन के भारत में इमरजेंसी यूज की मंजूरी के लिए आवेदन किया है।

ड्रग कंट्रोलर जनरल ऑफ इंडिया (DCGI) ने सिप्ला को मॉडर्ना की वैक्सीन के आयात को मंजूरी दे दी है। सिप्ला ने वैक्सीन के इमरजेंसी इस्तेमाल के लिए इसके आयात और मार्केटिंग की इजाजत मांगी थी। सरकार जल्द इस फैसले का ऐलान कर सकती है।

मॉडर्ना की तरफ से बताया गया है कि अमेरिकी सरकार ने मॉडर्ना कोविड-19 वैक्सीन के डोज तय संख्या में भारत को डोनेट करने की मंजूरी भी दे दी है। कंपनी ने सेंट्रल ड्रग्स स्टैंडर्ड कंट्रोल ऑर्गेनाइजेश (CDSCO) से भी इमरजेंसी यूज का अप्रूवल मांगा है।

**मॉडर्ना को ब्रिजिंग ट्रायल की जरूरत नहीं होगी**-मॉडर्ना और फाइजर उन कंपनियों में शामिल हैं, जिन्होंने भारत सरकार से अपील की थी कि वह इमरजेंसी यूज की इजाजत देने के बाद होने वाले लोकल ट्रायल की बाध्यता को खत्म करे। सरकार ने अभी वैक्सीन के इस्तेमाल के बाद होने वाले बड़े साइड इफेक्ट को लेकर हर्जाने या जवाबदेही जैसी शर्त पर फैसला नहीं किया है। DCGI ने एक जून को कहा था कि अगर मॉडर्ना की वैक्सीन को बड़े देशों और वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन (WHO) से इमरजेंसी यूज की मंजूरी मिली हुई है तो भारत में इन्हें लॉन्चिंग के बाद ब्रिजिंग ट्रायल की जरूरत नहीं होगी। फाइजर और मॉडर्ना ने शर्त रखी है कि इन्डेम्निटी मिलेगी तो ही वे वैक्सीन भारत भेजेंगे। यह इन्डेम्निटी वैक्सीन कंपनियों को सब तरह की कानूनी जवाबदेही से मुक्त रखती है। अगर भविष्य में वैक्सीन की वजह से किसी तरह की गड़बड़ी हुई तो इन कंपनियों से मुआवजा नहीं मांगा जा सकता।

## देश में अभी कोरोना की 3 वैक्सीन और एक पाउडर



कोवीशील्ड और कोवैक्सिन का वैक्सीनेशन ड्राइव में इस्तेमाल

रूस की स्पुतनिक-वी को भी देश में इस्तेमाल की मंजूरी मिल चुकी

DRDO ने 2-DG दवा बनाई है। यह पाउडर होता है, पानी में घोलकर दिया जाता है

**भारत में अभी 3 वैक्सीन और एक पाउडर**

देश में फिलहाल सीरम सीरम इंस्टीट्यूट की कोवीशील्ड और भारत बायोटेक की कोवैक्सिन का इस्तेमाल वैक्सीनेशन ड्राइव में किया जा रहा है। रूस की स्पुतनिक-वी को भी भारत में इस्तेमाल किए जाने की मंजूरी दे दी गई है। इसके अलावा DRDO ने कोविड की रोकथाम के लिए 2-DG दवा बनाई है। इसके इमरजेंसी इस्तेमाल को भी मंजूरी दे दी गई है। यह एक पाउडर होता है, जिसे पानी में घोलकर दिया जाता है।

स्वतंत्र चेतना 30/6/21

# 'बगैर जुगाड़ के काम हो जाएगा लोगों में यह भरोसा होना चाहिए'



कलेक्टोरेट सभागार में बैठक को संबोधित करते हुए कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम। • नईदुनिया

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। शासन ने हमें इसलिए नियुक्त किया है कि हम आम आदमी की भलाई के लिए काम करें तभी हमारा जीवन भी सार्थक होगा। जिले में लोगों को सिस्टम के प्रति विश्वास हो कि उनका कार्य बगैर किसी सिफारिश, जुगाड़ के हो जाएगा।

राजस्व अधिकारी का दफ्तर उसका बाबू अथवा रीडर नहीं चलाए बल्कि अधिकारी का कंट्रोल रहे। यह निर्देश कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने मंगलवार को राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक में दिए। इस दौरान अपर कलेक्टर जमुना भिड़े, सभी एसडीएम, तहसीलदार तथा नायब तहसीलदार उपस्थित रहे।

कलेक्टर ने निर्देश दिए कि एसडीएम तथा तहसीलदार उचित मूल्य दुकानों का प्रत्येक माह रेंडम

करने वाले व्यक्ति को कलेक्टर द्वारा छह माह के लिए सीधे जेल में भेजा जा सकता है। अनियमितता पर तत्काल कार्रवाई की जाए। खाद्यान्न लेने में हितग्राही को पर्ची उपलब्ध नहीं कराई जाती है तो दुकानदार पर 5 हजार रुपये का जुर्माना लगाया जाए। खनिज विभाग की समीक्षा में कलेक्टर ने निर्देश दिए कि खदान संचालन में पर्यावरण स्वीकृति नहीं ली गई हो तो खदान बंद करवाएं।

### तहसीलदार देंगे कामकाज का प्रजेंटेशन

कलेक्टर ने आगामी राजस्व समीक्षा बैठक में प्रत्येक तहसीलदार को अपने क्षेत्र में किए गए उत्कृष्ट कार्यों का प्रजेंटेशन देने के निर्देश देते हुए कहा कि कार्यालयों का परिदृश्य ऐसा रखें कि नकारात्मक छवि नहीं

# कोविड के साथ ही डेंगू, मलेरिया जैसी बीमारियों पर भी ध्यान दिया जाए-कलेक्टर

## दो गांव में डेंगू के मरीज सामने आने की सूचना

रतलाम ● स्वदेश समाचार

कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिए कि कोरोना के अलावा स्वास्थ्य विभाग अन्य बीमारियों पर भी ध्यान देवें। वर्तमान मौसम में डेंगू, मलेरिया जैसी बीमारी पनप सकती हैं। स्वास्थ्य विभाग का मैदानी अमला एवं राजस्व विभाग का अमला ग्रामीण क्षेत्रों में नजर रखें।

कलेक्टर ने समय-सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक में इस बात पर नाराजगी व्यक्त की कि जिले के दो गांव में डेंगू के मरीज सामने आने की सूचना स्वास्थ्य विभाग या राजस्व के मैदानी अमले से प्राप्त नहीं हुई। कलेक्टर ने यह भी निर्देश दिए कि सभी खंड चिकित्सा अधिकारी अपने मैदानी अमले से रिपोर्ट प्राप्त करें कि कहीं किसी गांव में मलेरिया या डेंगू जैसी कोई बीमारी तो नहीं फैली हुई है। कलेक्टर ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को



निर्देश दिए कि कांटेक्ट ट्रेसिंग पर ध्यान देवें। कोरोना के मरीज से जिन लोगों का संपर्क हुआ है उनकी व्यापक स्तर पर ट्रेसिंग की जाए। जिन लोगों को होम आइसोलेट किया जाता है वो अपने घर में ही रहे, इधर-उधर नहीं घूमे, इसका ध्यान रखें।

## वर्षभर से खराब है अल्ट्रासोनिक मशीन

कलेक्टर ने जिला चिकित्सालय में रेडक्रास द्वारा संचालित अल्ट्रासोनिक मशीन के संबंध में जानकारी लेते हुए कहा कि एक साल से मशीन खराब है, ऐसी रिपोर्ट प्राप्त हुई है। डिप्टी कलेक्टर शिराली जैन को निर्देशित किया गया कि मशीन को सुधरवाकर चालू किया जाए। उद्यानिकी विभाग के अंतर्गत जिले के 7 किसानों को शासन की योजना में बैंक ऋण स्वीकृत कराने के संबंध में जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक को निर्देशित किया गया। इसका अलावा विद्युत वितरण कंपनी के अधीक्षण यंत्री को निर्देशित किया गया कि विद्युत वितरण कंपनी द्वारा लाइट बंद से जाने के दौरान रिस्पांस टाइम को सुधारा जाए। मुख्यमंत्री हेल्पलाइन की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर ने राजस्व विभाग को निर्देशित किया कि प्रकरणों में निराकरण की स्थिति को सुधारा जाए। कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि हम आम आदमी की समस्या के निराकरण के लिए नियुक्त किए गए हैं। अतः राजस्व अधिकारी आम आदमी की समस्याओं के प्रति संवेदनशील होकर निर्णय लें।

## टाईमपास न किया जाए

समीक्षा के दौरान कलेक्टर द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी के प्रति सख्त नाराजगी व्यक्त की गई। कलेक्टर ने कहा कि टाइम पास नहीं किया जाए, कार्य को गंभीरता से लिया जाए। जिला शिक्षा अधिकारी अपने विभाग के अंतर्गत किए जाने वाले प्लांटेशन के संबंध में विशुद्ध कार्ययोजना प्रस्तुत करें। इसके साथ ही जावरा मुख्य नगरपालिका अधिकारी द्वारा यह जानकारी दिए जाने पर कि जावरा में 25000 पौधे लगाए जाएंगे।

## फर्जी जानकारी प्रस्तुत नहीं करें

कलेक्टर ने कहा कि इस प्रकार की फर्जी जानकारी प्रस्तुत नहीं की जाए। इस संबंध में जावरा सीएमओ द्वारा कोई विस्तृत कार्य योजना भी नहीं बताई गई। कलेक्टर ने कहा कि जावरा में 5000 पौधे लगाए जाकर उनकी उचित देखभाल का इंतजाम किया जाए। राजस्व विभाग को 1000 पौधे लगाने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा स्वास्थ्य विभाग अपने परिसरों में 500 पौधे लगाएगा। शिक्षा विभाग 8000 पौधे लगाएगा, अन्य विभागों के भी लक्ष्य तय किए गए।

स्वदेश

स्वदेश 30/6/21

# उच्च जोखिम समूहों को प्राथमिकता के आधार पर टीके की दोनों डोज़ लगाई जाएँ : मुख्यमंत्री श्री चौहान

## शासकीय अधिकारी-कर्मचारी समय रहते लगवाये दूसरी डोज़

**स्वतंत्र एलान-रतलाम**

रतलाम । मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि उच्च जोखिम वाले समूहों को प्राथमिकता के आधार पर टीके की दोनों डोज़ लगाई जाएँ। जिन शासकीय अधिकारियों-कर्मचारियों ने टीके की प्रथम डोज लगवा ली है और पात्र अवधि के बाद भी यदि उनके द्वारा दूसरी डोज़ नहीं लगवाई गई है तो ऐसे अधिकारी-कर्मचारियों पर कार्यवाही की जाएगी। टीकाकरण का अभियान व्यक्ति और समाज की भलाई के लिए है। टीके की दूसरी डोज़ नहीं लगवाना समाज के लिए अपराध के समान है।

मुख्यमंत्री श्री चौहान कोविड संक्रमण पर प्रभावी नियंत्रण और टीकाकरण के लिये गठित मंत्री समूह के प्रस्तुतिकरण सत्र को संबोधित कर रहे थे। बैठक में चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्री विश्वास सारंग, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. प्रभुराम चौधरी, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्य मंत्री श्री रामखेलावन पटेल सहित मुख्य सचिव श्री इकबाल सिंह बैंस तथा अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य श्री मोहम्मद सुलेमान उपस्थित थे।

**सार्वजनिक स्थलों पर वैक्सीनेशन सर्टिफ़िकेट बन सकता है प्रवेश का आधार**

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि टीके की दूसरी डोज़ के लिए विशेष अभियान संचालित किया जाए। जिन्होंने पहली डोज़ लगवा ली है परंतु दूसरी डोज़ लगवाने में लापरवाही कर रहे हैं, उन्हें चिन्हित कर दूसरी डोज़ लगाई जाए। कोचिंग क्लासेस संचालकों द्वारा शत-प्रतिशत टीकाकरण सुनिश्चित करने पर कोचिंग क्लास के संचालन पर भी विचार किया जा सकता है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने निर्देश दिए कि प्रदेश के सीमावर्ती जिलों में टीकाकरण अभियान पर विशेष ध्यान दिया जाए। साथ ही 45 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के व्यक्तियों को प्राथमिकता के आधार पर टीके की पहली डोज़ लगाने के लिए विशेष कैम्प आयोजित किए जाएँ। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि सार्वजनिक स्थलों पर वैक्सीनेशन सर्टिफिकेट देखने के उपरांत ही प्रवेश देने की व्यवस्था पर भी विचार किया जा सकता है।

**नगर पंचायत बुढार और नगर परिषद खेतिया में हुआ शत-प्रतिशत टीकाकरण-मंत्री समूह** के सम्मुख प्रस्तुतिकरण में जानकारी दी गई कि नगर पंचायत बुढार और नगर परिषद खेतिया में शत-प्रतिशत नागरिकों का पूर्ण टीकाकरण हो चुका है। प्रदेश के 13 जिलों की 66 ग्राम पंचायतों में भी शत-प्रतिशत वैक्सीनेशन हो चुका है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने सिवनी, आगर-मालवा, मुरैना, अनूपपुर, छतरपुर, मंदसौर, खरगौन, टीकमगढ़, भिंड, छिंदवाड़ा, मंडला, बड़वानी, सतना, सीधी, झाबुआ, दमोह और पन्ना में टीकाकरण को गति देने के निर्देश दिए।

**प्रभावित न हो बच्चों का सामान्य टीकाकरण-मुख्यमंत्री** श्री चौहान ने कहा कि प्रदेश में कोविड टीकाकरण के साथ बच्चों को लगने वाले 14 प्रकार के टीकाकरण का अभियान भी निरंतर जारी है। बच्चों का यह टीकाकरण प्रभावित नहीं हो, इसे देखते हुए मंगलवार और शुक्रवार को कोविड टीकाकरण नहीं किया जा रहा है।

स्वतंत्र एलान 30/6/21

## मुख्यमंत्री कोविड योद्धा कल्याण योजना में पेंच

# 50 लाख रुपए या अनुकंपा नियुक्ति में से एक लाभ मिलेगा, कर्मचारी दोनों पर अड़े

### कोरोना से हुई मौत के बाद अब कर्मचारियों के परिवार वाले पसोपेश में, कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि नियम तो यही


### सरकारी विभागों में कोरोना से 51 कर्मचारियों की मौत हुई, इनमें सबसे ज्यादा मौतें शिक्षा विभाग में हुई हैं

भास्कर संवाददाता | रतलाम

कोरोना संक्रमण की रोकथाम के लिए ड्यूटी देते हुए कर्मचारियों ने तो अपनी जान गंवा दी लेकिन अब जब परिजन अनुकंपा नियुक्ति के लिए आवेदन कर रहे हैं तो विभागों द्वारा एक लाभ लेने का कहा जा रहा है। परिजन से बोला जा रहा है आपको या तो 50 लाख रुपए मिलेंगे या अनुकंपा नियुक्ति। इधर कलेक्टर ने भी स्पष्ट किया कि योजना में एक ही लाभ लेने का आदेश है। अब परिजन गफलत में आ गए हैं। सीएम शिवराजसिंह चौहान ने कोरोना में ड्यूटी देने वाले कर्मचारियों के लिए मुख्यमंत्री कोविड योद्धा कल्याण योजना शुरू की थी।

इसमें संक्रमण से किसी सरकारी कर्मचारी की ड्यूटी के दौरान मौत होती है तो उसे 50 लाख रुपए देने के आदेश दिए थे। अनुकंपा नियुक्ति तो अपनी जगह है ही लेकिन अब जब कर्मचारी के परिजन विभाग में जा रहे हैं तो दोनों में से एक का ही चयन करने का हवाला दिया जा रहा है।

### नाकों पर कोरोना ड्यूटी के दौरान इन्होंने जान गंवाई



ज्यादातर शिक्षकों की ड्यूटी कोरोना के दौरान नाके पर लगाई थी। इनका काम चेकिंग का था। इस दौरान जावरा के शिक्षक लोकेश सैनी, सैलाना के अभय पाल आर्य, रतलाम में ड्यूटी देने वाले राजेंद्रसिंह राठौड़, वीसी पाटीदार की मौत हुई थी। इस आधार पर इन्हें सीएम की घोषणा के अनुसार 50 लाख रुपए और अनुकंपा नियुक्ति मिलना है लेकिन परिजन जब विभाग में जा रहे हैं तो दोनों में से एक का लाभ दिलाने की बात की जा रही है।

### ये है मुख्यमंत्री कोविड योद्धा कल्याण योजना

सीएम ने इस योजना की घोषणा की थी। इसमें संक्रमण की ड्यूटी के दौरान यदि किसी सरकारी कर्मचारी की मौत होती है उसके परिजन को 50 लाख रुपए देने का प्रावधान किया है। इसके आदेश मुख्यमंत्री ने जारी किए हैं।

### जिले में सबसे ज्यादा मौतें शिक्षा विभाग में हुईं

जिले के सरकारी विभाग में कोरोना से 51 की मौत हुई है। इसमें सबसे ज्यादा मौतें शिक्षा विभाग में हुई हैं। विभाग में 30 शिक्षकों ने कोरोना से अपनी जान गंवाई है।

### आज खत्म हो जाएगी 50 लाख रुपए की यह योजना

कोरोना से मौत होने पर 50 लाख रुपए मिलना है। इसके लिए मप्र शासन ने राज्य में कोविड 19 महामारी की रोकथाम हेतु योद्धा माना है और योद्धा की तरह सेवा दे रहे कर्मियों के कल्याण के लिए सीएम कोविड 19 योद्धा कल्याण योजना शुरू की थी। यह योजना 30 मार्च 2021 से शुरू हुई थी जो 30 जून 2021 तक चलेगी। यानी इसके बाद किसी भी कर्मचारी की मौत होती है तो उसे इस योजना का लाभ नहीं मिलेगा।

भास्कर

### कितने कर्मचारियों की कोरोना से मौत हुई

| | |
|---|---|
| शिक्षा विभाग | 30 |
| कृषि मंडी | 01 |
| रजिस्ट्रार विभाग | 01 |
| उच्च शिक्षा विभाग | 02 |
| महिला एवं बाल विकास विभाग | 04 |
| स्वास्थ्य विभाग | 06 |
| नगर निगम | 02 |
| पुलिस | 03 |
| जिला परिवहन विभाग | 01 |
| जिला कोषालय | 01 |

### सौदेबाजी करना बंद करें

मप्र शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष सर्वेश माथुर ने बताया शिक्षकों ने अपनी जान पर खेलकर कोरोना में ड्यूटी दी है। चूंकि सरकार ने कोरोना योद्धा माना है। इससे 50 लाख रुपए तो मिलना ही चाहिए। साथ ही अनुकंपा नियुक्ति भी मिलना चाहिए

**सरकार के ही आदेश हैं हम क्या करें** : शिक्षा विभाग में सबसे ज्यादा मौतें हुई हैं। इससे अनुकंपा नियुक्ति भी शुरू हो गई है। डीईओ केसी शर्मा ने बताया जो आदेश मिले हैं उसके अनुसार काम कर रहे हैं।

दै. भास्कर 30/6/21

# भूजल की निकासी को विनियमित और नियंत्रित करने हेतु दिशा निर्देश जारी

रतलाम । कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी श्री कुमार पुरुषोत्तम ने रतलाम जिले में स्थापित विभिन्न प्रकार के संस्थानों, प्रतिष्ठानों, सूक्ष्म, लघु, मध्यम उद्योग, सील बंद जल उद्योगों, जहां पर भूजल दोहन कर उसका उपयोग किया जा रहा है, उनके संबंध में भारत शासन द्वारा जारी अधिसूचना के तहत दिशा निर्देश दिए हैं।

इस संबंध में जारी आदेश के अनुसार रतलाम जिले में स्थापित विभिन्न प्रकार के व्यावसायिक संस्थानों, प्रतिष्ठानों, सूक्ष्म, लघु, मध्यम, उद्यमों, सीलबंद जल उद्योगों आदि में उपयोग में लाए जा रहे भूजल की निकासी को विनियमित और नियंत्रित करने हेतु जल शक्ति मंत्रालय भारत शासन द्वारा राजपत्र में अधिसूचना जारी की गई है। जल शक्ति मंत्रालय भारत शासन एवं केंद्रीय भूजल बोर्ड द्वारा वर्ष 2019 में जारी आकलन में रतलाम जिले के रतलाम, जावरा, पिपलोदा एवं आलोट को अतिदोहित श्रेणी में तथा सैलाना एवं बाजना को अर्द्धगंभीर श्रेणी में रखा गया है। पेयजल, घरेलू, पशु, कृषि आदि के उपयोग अथवा बिना प्रयोजन दर्शाए खनित किए गए नलकूप, कुओं से बिना सक्षम अनुमति के भूजल का दोहन कर जल का उपयोग व्यवसायिक गतिविधियों में किए जाने को रोकने हेतु माननीय राष्ट्रीय हरित अधिकरण द्वारा समय-समय पर पारित आदेशों तथा केंद्रीय भूमिगत प्राधिकरण उत्तर मध्य क्षेत्र भोपाल के पत्र के तारतम्य में कार्यवाही की जाना आवश्यक हो गया है।

कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग रतलाम द्वारा बिना सक्षम प्राधिकारी से अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त किए भूमि जल का दोहन कर उसका व्यावसायिक उपयोग प्रतिबंधित किए जाने के प्रस्ताव पर कार्रवाई करते हुए उक्त आदेश जारी किया गया है। आदेश दिनांक से जिले के किसी भी व्यावसायिक संस्थानों, प्रतिष्ठानों, सूक्ष्म, लघु, मध्यम उद्यमों, सीलबंद उद्योगों आदि में भूजल दोहन कर उसका उपयोग अधिसूचना में उल्लेखित सक्षम प्राधिकारी से अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त किए बिना नहीं किया जा सकेगा। अनापत्ति प्रमाण पत्र की समस्त शर्तों का अनुपालन सुनिश्चित किया जाना होगा। शर्तों का उल्लंघन पाया जाने पर नुकसान और पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति की भरपाई तथा दंड का प्रावधान नियमानुसार किया जाएगा।

## कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों की बैठक ली

# लोगों को सिस्टम के प्रति विश्वास हो कि बगैर सिफारिश काम होगा

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

रतलाम. शासन ने हमें इसलिए नियुक्त किया है कि हम आम आदमी की भलाई के लिए काम करें, तभी हमारा जीवन भी सार्थक होगा। राजस्व अधिकारी राज्य शासन के प्रमुख सचिव द्वारा जारी एजेंडे पर अमल करें। जिले में लोगों को सिस्टम के प्रति विश्वास हो कि उनका कार्य बगैर किसी सिफारिश के हो जाएगा। यह निर्देश कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने मंगलवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में हुई राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक में

कलेक्टर ने निर्देश दिए कि एसडीएम तथा तहसीलदार उचित मूल्य दुकानों का प्रत्येक माह रेण्डम निरीक्षण करें, गड़बड़ी करने वाले दुकानदार को पकड़ें। आपूर्ति अधिकारी सुनिश्चित करें कि राजस्व अधिकारी से उचित मूल्य दुकान संबंधी जो भी अनियमितता की जानकारी मिलती है तो तत्काल कार्यवाही की जाए। उचित मूल्य दुकान के खुलने का समय तथा दिवस दुकान के बाहर अंकित किए जाएं। हितग्राही को दी जाने वाली पर्ची यदि उपलब्ध नहीं कराई जाती है तो दुकानदार पर 5 हजार रुपए का जुर्माना लगाया जाए।

बैठक में उपस्थित जिला खाद्य अधिकारी ने बताया कि जिले में लगभग 67 प्रतिशत आबादी को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत राशन उपलब्ध कराया जा रहा है। खनिज विभाग की समीक्षा में कलेक्टर ने निर्देश दिए कि सभी खदान में पर्यावरण स्वीकृति ली गई हो, यदि स्वीकृति नहीं ली है तो खदान बन्द करवाएं। सभी तहसीलदार अपने कार्यालयों का परिदृश्य ऐसा रखे कि नकारात्मक छवि नहीं बने, कार्यालय भी सुंदर स्वरूप में हो। सैलाना तहसील कार्यालय के परिदृश्य में सुधार के निर्देश तहसीलदार को दिए गए। जिले के शासन अधिकृत मंदिरों की भूमि का उपयोग और जीर्णोद्धार कार्य के संबंध में भी निर्देश दिए गए।

## 'बगैर सिफारिश आम आदमी के काम हों, राजस्व अफसर ऐसा सिस्टम बनाएं'

रतलाम | राजस्व अधिकारी ऐसा सिस्टम बनाएं कि आम आदमी का काम बगैर सिफारिश के हो जाए। लोगों की भलाई के लिए काम करें तभी जीवन सार्थक होगा। ये नसीहत मंगलवार को कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने राजस्व विभाग की बैठक में दिए। प्रमुख सचिव के एजेंडे पर अमल करने का कहते हुए कलेक्टर बोले अब जब भी बैठक होगा तहसीलदार अपने क्षेत्र में किए गए उत्कृष्ट कार्य का प्रेजेंटेशन देंगे।

**खाद्यान्न पर्ची नहीं देने वाले दुकानदारों पर 5 हजार का जुर्माना लगाएं :** आपूर्ति अधिकारी राजस्व से मिलने वाली उचित मूल्य दुकान संबंधी शिकायतों पर तुरंत कार्रवाई करें। खाद्यान्न लेने हितग्राही को पर्ची नहीं दी जाती है तो दुकानदार पर 5 हजार रुपए का जुर्माना लगाया जाए। कलेक्टर ने एसडीएम, तहसीलदार को राशन दुकानों का रेंडम निरीक्षण करने, राजस्व अधिकारी फील्ड में जाएं तो दूसरे विभागों के अधिकारियों को भी ले जाएं ताकि ग्रामीणों की समस्याओं का मौके पर ही हल हो सके।

**खदान बंद करवाएं :** कलेक्टर ने खनिज विभाग की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि ऐसे खदान संचालक जिन्होंने पर्यावरण की स्वीकृति नहीं ली है, उनकी खदानें बंद करवाएं।

# अनुपयोगी शासकीय भूमि के प्रभावी उपयोग के बारे में मंत्रि-मण्डल समिति गठित

रतलाम। राज्य शासन ने लोक परिसम्पत्तियों के शासन हित में प्रबंधन, अनुपयोगी शासकीय भूमि के प्रभावी उपयोग तथा उन परिसम्पत्तियों, जिनमें लिटिगेशन प्रचलित है, उनके बारे में सुझाव और अनुशंसाएँ प्रस्तुत करने के लिये मंत्रि-मण्डल समिति का गठन किया है। गठित मंत्रि-मण्डल समिति में गृह, जेल, संसदीय कार्य, विधि एवं विधायी कार्य मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा, वित्त, वाणिज्यिक कर, योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी मंत्री जगदीश देवड़ा, किसान-कल्याण तथा कृषि विकास मंत्री कमल पटेल और राजस्व तथा परिवहन मंत्री श्री गोविंद सिंह राजपूत शामिल किये गये हैं। अपर मुख्य सचिव सामान्य प्रशासन विभाग उक्त समिति के समन्वयक बनाये गये हैं। समिति अधिकारियों और विशेषज्ञों के सुझाव प्राप्त करेगी एवं अपनी अनुशंसाएँ 15 जुलाई, 2021 तक शासन के समक्ष प्रस्तुत करेगी।

प्रसार01 30/6/21



# 4 लेन सड़क निर्माण कार्य व धोलावाड़ न्यू इन्टकवेल का निगम आयुक्त द्वारा निरीक्षण

रतलाम ● दो बत्ती से महाराजा सज्जन सिंह प्रतिमा चौराहे तक चल रहे 4 लेन सड़क निर्माण कार्य व धोलावाड़ न्यू इन्टकवेल का निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने कार्यपालन यंत्री सुरेशचन्द्र व्यास, सत्यप्रकाश आचार्य, उपयंत्री मनीष तिवार के साथ कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। श्री झारिया ने दो बत्ती 4 लेन सड़क निर्माण कार्य के निरीक्षण के दौरान ठेकेदार को निर्देशित किया कि 2 लेन सड़क का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है जिस पर से आवागमन जारी है। दूसरी ओर 2 लेन सड़क निर्माण कार्य के पूर्व नाले व ड्रेनेज पाइप डालने का कार्य शीघ्रता से किया जाऐ ताकि सड़क निर्माण शीघ्र होकर नागरिकों को आवागमन में सुविधा हो सकें। उन्होंने निर्देशित किया कि कार्य के गुणवत्तापूर्ण हो इसका विशेष ध्यान रखें इसके अलावा सड़क का ढलान व्यवस्थित दिया जाए ताकि सड़क पर पानी नहीं रुके। इसके पश्चात निगम आयुक्त ने धोलावाड़ न्यू इन्टकवेल का निरीक्षण कर निर्देशित किया मुख्य मार्ग से इन्टकवेल तक बनाई गई सीमेन्ट कांक्रीट सड़क के दोनों ओर 2-2 लाइन में फलदार पौधे रोपे जाएं। इस अवसर पर निगम आयुक्त श्री झारिया ने स्वंय उपस्थित रहकर पौधारोपण हेतु गड्ढे खुदवाने का कार्य प्रारंभ करवाया।

स्वदेश 30/6/21

### डेल्टा वेरिएंट की जांच के लिए एनसीडीसी भेजे गए थे 55 सैंपल

# 20 से अधिक कोरोना मरीजों की डेल्टा वेरिएंट रिपोर्ट पॉजिटिव

प्रसारण न्यूज़ • रतलाम

कोरोना संक्रमण कीर रफ्तार थमने के बाद राहत की सांस ले रहे स्वास्थ्य विभाग और प्रशासन की मुश्किलें एक बार फिर बढ़ गई हैं। रतलाम जिले से कोरोना के डेल्टा वेरिएंट की जांच के लिए दिल्ली भेजे गए 55 सैंपल में से 20 से अधिक सैंपल की रिपोर्ट में कोरोना का डेल्टा वायरस पाया गया है। रतलाम के सी एम एच ओ डॉक्टर प्रभाकर नानावरे की रिपोर्ट भी डेल्टा पॉजिटिव आई है, वहीं रतलाम जिले में डेल्टा वेरिएंट की दस्तक के बाद अब डेल्टा प्लस वेरिएंट के संक्रमण का खतरा भी बढ़ गया है।

गौरतलब है कि रतलाम जिले में जून के महीने में कोरोना संक्रमण की रफ्तार में कमी आई है, लेकिन मेडिकल कॉलेज में भर्ती कुछ मरीजों में बार-बार बुखार आने और दोबारा कोरोना रिपोर्ट पॉजिटिव आने के बाद 55 सैंपल एनसीडीसी दिल्ली में जांच के लिए भेजे गए थे, जिसमें से 20 से अधिक सैंपल में कोरोना के डेल्टा वेरिएंट की पुष्टि हुई है।




## सीएमएचओ की रिपोर्ट भी डेल्टा वेरिएंट पॉजिटिव

जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर प्रभाकर नानावरे मई के महिने में कोरोना संक्रमित हो गए थे, लेकिन स्वास्थ्य ठीक नहीं होने की वजह से सी एम एच ओ का सैंपल भी जांच के लिए दिल्ली भेजा गया था, जहां से 3 दिन पहले आई रिपोर्ट में डॉक्टर नानावरे क्या सैंपल में भी डेल्टा वैरिअंट होने की पुष्टि हुई है, उसके बाद स्वास्थ्य विभाग में भी हड़कंप मचा हुआ है, क्योंकि बीते दिनों डॉक्टर प्रभाकर नानावरे स्वास्थ्य विभाग और जिला प्रशासन की बैठकों में शामिल भी हो रहे हैं। बहरहाल रतलाम जिले में कोरोना संक्रमित मरीजों की संख्या में कमी जरूर आई है, लेकिन जांच के लिए दिल्ली भेजे गए सैंपल में डेल्टा वेरिएंट की पुष्टि होने के बाद स्वास्थ्य विभाग और प्रशासन की मुश्किलें बढ़ गई है।

प्रसारण

## दिन भर चलती रही लॉक डाउन की भ्रामक खबरें, प्रशासन सख्त, कलेक्टर ने भ्रामक खबर चलाने पर कड़ी कार्यवाही के निर्देश दिए

रतलाम। सोशल मीडिया पर दिन भर क्राईसिस मैनेजमेन्ट ग्रुप की बैठक होने और फिर से लॉक डाउन लगाए जाने की खबरें चलती रही। प्रशासन ने इस पर सख्त रवैया अपनाया है। कलेक्टर ने भ्रामक खबरें फैलाने वाले लोगों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दिए है। कलेक्टर कुमार पुरुषोतम ने कहा है कि सोशल मीडिया पर यदि किसी व्यक्ति द्वारा भ्रामक एवं गलत खबर चलाई जाएगी, तो उसके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक को निर्देश दिए गए हैं। देखने में आया है कि सोशल मीडिया पर रतलाम जिले में लॉक डाउन तथा क्राइसिस मैनेजमेंट ग्रुप की बैठक के संबंध में गलत खबर चलाई जा रही है। इस संबंध में संज्ञान लेते हुए पुलिस अधीक्षक को निर्देशित किया गया है कि गलत खबर चलाने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की जाए, जो भी व्यक्ति खबर चलाता है, उसे खबर का सोर्स बताना होगा अन्यथा उसके विरुद्ध कार्रवाई होगी।

प्रसारण 30/6/21

# 4 लेन सड़क निर्माण कार्य व धोलावाड़ न्यू इन्टकवेल का निगम आयुक्त ने किया निरीक्षण



**प्रसारण न्यूज * रतलाम**

दो बत्ती से महाराजा सज्जन सिंह प्रतिमा चौराहे तक चल रहे 4 लेन सड़क निर्माण कार्य व धोलावाड़ न्यू इन्टकवेल का निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने कार्यपालन यंत्री सुरेशचन्द्र व्यास, सत्यप्रकाश आचार्य, उपयंत्री मनीष तिवार के साथ कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। निगम आयुक्त झारिया ने दो बत्ती 4 लेन सड़क निर्माण कार्य के निरीक्षण के दौरान ठेकेदार को निर्देशित किया कि 2 लेन सड़क का निर्माण कार्य पुरा हो चुका है जिस पर से आवागमन जारी है। दुसरी ओर 2 लेन सड़क निर्माण कार्य के पूर्व नाले व ड्रेनेज पाईप डालने का कार्य शीघ्रता से किया जाए, ताकि सड़क निर्माण शीघ्र होकर नागरिकों को आवागमन में सुविधा हो सके। उन्होंने निर्देशित किया कि कार्य के गुणवत्तापूर्ण हो, इसका विशेष ध्यान रखें, इसके अलावा सड़क का ढलान व्यवस्थित दिया जाए, ताकि सड़क पर पानी नहीं रूके।

इसके पश्चात निगम आयुक्त श्री झारिया ने धोलावाड़ न्यू इन्टकवेल का निरीक्षण कर निर्देशित किया मुख्य मार्ग से इन्टकवेल तक बनाई गई सीमेन्ट कांक्रीट सड़क के दोनों ओर 2-2 लाईन में फलदार पौधे रोपे जाएं। इस अवसर पर निगम आयुक्त श्री झारिया ने स्वयं उपस्थित रहकर पौधा रोपण हेतु गड्ढे खुदवाने का कार्य प्रारंभ करवाया।

प्रसारण

प्रसारण 30/6/21